राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज आजमगढ़ की 19वीं अकादमिक समिति की बैठक दि. 09.10.2026 अपराह्न 3:00 बजे निदेशक महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी।

बैठक में निम्न सदस्यगण उपस्थित हुये:

1. प्रो. बी. के. त्रिपाठी, निदेशक।
2. डॉ0 प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण।
3. डॉ0 अशोक कुमार यादव, अधिष्ठाता शैक्षणिक।
4. श्री अमित कुमार, सह–अधिष्ठाता शैक्षणिक।
5. डॉ0 तौसीफ अहमद, विभागाध्यक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग।
6. डॉ0 विनीत श्रीवास्तव, विभागध्यक्ष, प्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग।
7. डॉ0 विभूति नारायण मिश्रा, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग।

कार्यवाही: अकादमिक समिति की यह बैठक मा0 अध्यक्ष अकादमिक समिति के निर्देशानुसार आहूत की गयी है। सदस्य सचिव द्वारा मा0 अध्यक्ष एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति प्राप्त कर एजेन्डा बिन्दुओं पर क्रमवार कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

19वीं अकादमिक समिति की बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत है:

बिन्दु सं. 19.01 : समिति द्वारा 18वीं अकादमिक समिति की बैठक का पुष्टिकरण किया गया।

बिन्दु सं. 19.02 : NIELIT/IGNOU सेन्टर खोलने की कार्यवाही के लिये सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को अधिकृत किया गया।

बिन्दु सं. 19.03 : एकेडमिक कैलेन्डर 2026–27 का अनुमोदन किया गया जो कि किसी आगामी एकेटीयू/शासन के दिशा–निर्देश पर परिर्वतन किया जा सकता है।

बिन्दु सं. 19.04 : समिति द्वारा माइनर कोर्स हेतु प्रथक से बैठक आयोजित की जायेगी, उसके पूर्व डीन एकेडमिक इसका अध्ययन कर अलग से प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करेंगे।

बिन्दु सं. 19.05 : प्रभारी छात्रवृत्ति का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया तथा प्रभारी छात्रवृत्ति को निर्देशित किया कि समय–समय पर एकेटीयू/शासन/जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

बिन्दु सं. 19.06 : IEEE/ACM सहित अन्य संस्थाये जो एकेडमिक कमेटी द्वारा अनुमोदित हो, उसकी सदस्यता शुल्क का प्रस्ताव आगामी वित्त समिति में रखने के लिये डीन एकेडमिक द्वारा तैयार किया जायेगा। वित्त समिति 2026–27 में रिसर्च हेतु अनुमोदित धनराशि का व्यय शासन के दिशा–निर्देश पर किया जायेगा। डीन, शोध एवं विकास द्वारा पी.एचडी. छात्र का डाटा तैयार कर प्रस्तुत करेंगे तथा साथ ही प्रतिवर्ष Quarterly रिसर्च (शिक्षक/छात्र) का डाटा भी तैयार कर प्रस्तुत करेंगे।

बिन्दु सं. 19.07 : संस्थान में एडमीशन संख्या बढ़ाने के लिये सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि संस्थान के नजदीकी जिलों में जागरूकता अभियान चलायें एवं उसकी एक रूपरेखा तैयार कर डीन एकेडमिक को प्रस्तुत करेंगे साथ ही लोकल आडियों/विडियों चैनल पर 05 मिनट का संस्थान का प्रस्तुतीकरण मीडिया में नियमित रूप से चलाया जाये। श्री विशाल कुमार के साथ–साथ समस्त विभागाध्यक्ष ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट के सभी कार्यो के लिये उत्तरदायी होंगे साथ ही सिविल इंजी. विभाग में छात्रों का प्लेसमेन्ट कराने हेतु श्री अमित कुमार (सिविल.इंजी.) सहयोग करेंगे। बिन्दु सं 16.19 के दृष्टिगत संस्थान हित में उपरोक्त समिति पर सभी सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

बिन्दु सं. 19.08 : Summer and Winter vacation में सभी शिक्षक Industrial Training करेंगे।

बिन्दु सं. 19.09 : Wi-Fi की AMC की अवधि समाप्त हो चुकी है तथा Wi-Fi के सुचारू रूप से संचालन हेतु AMC का प्रस्ताव एवं क्रियान्वयन प्रभारी नेटर्वकिंग द्वारा तैयार किया जायेगा। समिति के सभी सदस्यों

09/10/2026 09/10/2026 09.10.26 09.10.2026 09/10/2026

ने यह सहमत व्यक्त की Wi-Fi की AMC से ही एक नेटवर्क इंजीनियर रखा जाये, जिससे प्रतिदिन आने वाली समस्या का निदान हो सके।

बिन्दु सं. 19.10 : Summer Internship कराने हेतु विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जायेगा।

बिन्दु सं. 19.11 : Library की सुविधा अन्य संस्थानों की भांति करायी जायेगी।

बिन्दु सं. 19.12 : UPRNN को Three Phase Power Supply हेतु अनुस्मारक पत्र प्रेषित किया जाये।

बिन्दु सं. 19.13 : Transfer Certificate (TC) हेतु ए.के.टी.यू., लखनऊ एवं अन्य संस्थानों से वार्ता कर एकरूपता लाने के लिये समिति द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

बिन्दु सं. 19.14 : गेस्ट फैकल्टी की बची हुयी सीटों का पुनः विज्ञापन किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी।

बिन्दु सं. 19.15 : समिति सत्र 2024–25, 2025–26 एवं 2026–27 में 14 छात्रों द्वारा प्रवेश निरस्त करने से अवगत हुयी।

बिन्दु सं. 19.16 : संस्थान में सत्र 2024–25, 2025–26 एवं 2026–27 में छात्रों द्वारा प्रवेश लिये जाने से समिति अवगत हुयी।

बिन्दु सं. 19.17 : सत्र 2024–25 एवं 2025–26 के एकेडमिक कलेण्डर का समिति द्वारा अवलोकन किया गया।

बिन्दु सं. 19.18 : किसी छात्र उस सत्र में पंजीकरण तभी किया जाये जब उसके पूर्व सत्रों की फीस छात्रों द्वारा जमा की जा चुकी हो। वर्तमान में छात्रों की फीस जमा करने की स्थिति वित्त एवं लेखाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त करने हेतु एकेडमिक विभाग द्वारा पत्र प्रेषित किया जाये।

09/10/2026
(डॉ0 विनीत श्रीवास्तव)
विभागध्यक्ष,
प्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग

09/10/2026
(डॉ0 विभूति नारायण मिश्रा)
विभागाध्यक्ष,
मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग

09.10.2026
(डॉ0 तौसीफ अहमद)
विभागाध्यक्ष,
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

09/10/2026
(अमित कुमार)
सह–अधिष्ठाता शैक्षणिक

09.10.26
(डॉ0 प्रमोद कुमार श्रीवास्तव)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

09/10/2026
(डॉ0 अशोक कुमार यादव)
अधिष्ठाता शैक्षणिक

(प्रो. बी. के. त्रिपाठी)
निदेशक